ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, उत्तर प्रदेश (भारत)
Khwaja Moinuddin Chishti Language University, Lucknow, U.P. (India)
U.P. STATE GOVERNMENT UNIVERSITY,
(Recognised Under Section 2(f) & 12(B) of the UGC Act, 1956 & B.Tech. Approved by (AICTE)

# परीक्षा समिति की कार्यवाही

**दिनांक 09.07.2021 को अपराह्न 12:30 बजे सभागार में सम्पन्न परीक्षा समिति की बैठक की कार्यवाही**

**बैठक में निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित रहें :–**

1. प्रो० अनिल कुमार शुक्ल, कुलपति – अध्यक्ष।
2. प्रो० मसऊद आलम – सदस्य।
3. प्रो० एस०एस०ए० अशरफी – सदस्य।
4. प्रो० सैय्यद हैदर अली – सदस्य।
5. प्रो० चंदना डें – सदस्य।
6. डॉ० उधम सिंह – सदस्य।
7. डॉ० जावेद अख़तर – सदस्य।
8. डॉ० नीरज शुक्ल – सदस्य।
9. श्री संजय कुमार सिंह, वित्त अधिकारी – सदस्य।
10. प्रो० एहतेशाम अहमद – विशेष आमंत्रित।
11. श्री संजय कुमार, कुलसचिव/परीक्षा नियंत्रक – सदस्य सचिव।
12. डॉ० अताउर रहमान आज़मी, उप परीक्षा नियंत्रक – विशेष आमंत्रित।

सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा समस्त सदस्यगण का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारभ किये जाने हेतु परीक्षा नियंत्रक को निर्देशित किया गया। तदक्रम में परीक्षा नियंत्रक द्वारा प्रस्तुत कार्यसूची पर परीक्षा समिति द्वारा बिन्दुवार निम्नांकित निर्णय लिये गये :–

**बिन्दु सं0–1** **परीक्षा समिति की पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 09.06.2021 की संलग्न कार्यवाही के सम्पुष्टीकरण पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा पूर्व में सम्पन्न बैठक दिनांक 09.06.2021 की कार्यवाही को यथावत् सम्पुष्ट किया गया।

**बिन्दु सं0–2** **दिनांक 27.07.2021 एवं 28.07.2021 को सम्पादित होने वाली अंतिम सेमेस्टर की वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं के परीक्षा कार्यक्रम से समिति को संसूचित किया जाना।**

परीक्षा समिति विश्वविद्यालय के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं हेतु **दिनांक 27.07.2021 एवं दिनांक 28.07.2021** को सम्पादित कराये जाने हेतु प्रस्तुत परीक्षा कार्यक्रम से संसूचित हुई। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र को पढ़ने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय प्रदान किया जाये।

**बिन्दु सं0–3** **दिनांक 26.07.2021 से 31.07.2021 तक बी0टेक0 पाठ्यक्रम के परीक्षा कार्यक्रम एवं बी0टेक0 पाठ्यक्रम की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा ऑनलाइन माध्यम से सम्पादित कराये जाने एवं ऑनलाइन माध्यमों (गूगल क्लासरुम, जूम आदि) पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा बी0टेक0 पाठ्यक्रम की द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षाऐं ऑनलाइन माध्यम से सम्पादित कराये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

**बिन्दु सं0–4** **सत्र 2021–22 के प्रस्तावित शैक्षणिक कैलेण्डर पर विचार।**

परीक्षा समिति द्वारा सत्र 2021–22 के प्रस्तावित शैक्षणिक कैलेण्डर को निम्नाकिंत संसोधन के साथ विद्या–परिषद के सम्मुख अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु संसूचित किया गया।

1. Examination of Odd Semester - 8th to 16th January.
2. Begining of Even Semester - 1st, February.
3. Examination of Even Semester - 1st, June to 10th June.

**बिन्दु सं0– 5** **विश्वविद्यालय के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं की तिथि पर पुर्नविचार एवं परीक्षा कार्यक्रम पर विचार।**
परीक्षा समिति द्वारा अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाऐं दिनांक 27.07.2021 एवं 28.07.2021 को कराये जाने हेतु सहमति प्रदान की गयी।

**बिन्दु सं0– 6** **शासन के दिशानिर्देश दिनांक 08.06.2021 के क्रम में प्रायोगिक परीक्षाओं के संचालन के सम्बन्ध में विचार।**
शासन के दिशानिर्देश के अनुपालन में परीक्षा समिति द्वारा प्रायोगिक एवं मैखिक परीक्षाऐं ऑनलाइन माध्यम से सम्पादित कराये जाने का निर्णय लिया गया।

**अन्य बिन्दु माननीय कुलपति जी की अनुमति सें।**

**बिन्दु सं0– 1** **माह जुलाई 2021 की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं से सम्बंधित प्रश्नपत्रों के मॉडरेशन कार्य के सम्बंध में।**
परीक्षा समिति द्वारा परीक्षा के प्रश्नपत्रों के मॉडरेशन कार्य हेतु दिनांक 12.07.2021 से दिनांक 14.07.2021 तक सम्बंधित विभाग के विभागाध्यक्षों अथवा जिन विभागों में विभागाध्यक्ष नही है उन विभागों के वरिष्ठतम शिक्षक से कराये जाने की अनुमति प्रदान की गई।

**बिन्दु सं0– 2** **सत्र 2017–19 के बी0एड0 पाठ्यक्रम के विद्यार्थी श्री रोहित कुमार के प्रवजन एवं चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने के सम्बंध में।**
परीक्षा समिति द्वारा छात्र को प्रवजन एवं चरित्र प्रमाण पत्र निर्गत करने का निर्णय लिया गया।

माननीय कुलपति जी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक सम्पन्न हुई।

(संजय कुमार)
परीक्षा नियंत्रक/सदस्य सचिव

(प्रो0 अनिल कुमार शुक्ल)
कुलपति/अध्यक्ष